Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 11 + map

**P–08–Social Science**

Tear Here

# प्रवेशिका परीक्षा, 2022

# PRAVESHIKA EXAMINATION, 2022

## सामाजिक विज्ञान

## SOCIAL SCIENCE

**समय** : 2 **घण्टे** 45 **मिनिट**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

यहाँ से काटिए

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।**

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें।**

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) **प्रश्न संख्या 23 मानचित्र कार्य से संबंधित है और 4 अंक का है ।**

Question No. **23** is related to map-work carrying **4** marks.

8) **प्रश्न संख्या 17 से 23 तक में आंतरिक विकल्प हैं ।**

There are internal choices in Question Nos. **17 to 23**.

## <u>खण्ड – अ</u>

## <u>SECTION - A</u>

**बहुविकल्पी प्रश्न :**

Multiple choice :

**1)** **निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

Select the correct answer of following questions and write in the answer book.

i) **जर्मेनिया किस राष्ट्र का रूपक बन गई थी?** **[1]**

**अ) ब्रिटेन** **ब) फ्रांस**

**स) जर्मनी** **द) रूस**

Which Nation did Germania became the allegory?

A) Britain B) France

C) Germany D) Russia

ii) **उगते सूर्य की किरणें निम्न में से किसका प्रतीक है?** **[1]**

**अ) आजादी मिलना** **ब) बहादुरी**

**स) शांति** **द) एक नये युग का सूत्रपात**

Which of the following symbolizes the rays of the rising Sun?

A) Being Freed B) Heroism

C) Peace D) Beginning of a new era

iii) **निम्न में से किसे साहित्य का नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया?** **[1]**

**अ) सी.वी. रमन** **ब) वी.एस. नायपाल**

**स) मदर टेरेसा** **द) अमर्त्य सेन**

Who among the following was awarded the Nobel Prize for Literature?

A) C.V. Raman B) V.S. Naipaul

C) Mother Teresa D) Amartya Sen

iv) "झूम खेती" क्या है? [1]

अ) स्थानांतरी कृषि ब) वाणिज्यिक कृषि

स) रोपण कृषि द) गहन जीविका कृषि

What is "Jhum Cultivation"?

A) Shifting Cultivation B) Commercial Cultivation

C) Plantation Cultivation D) Intensive Subsistence Cultivation

v) सरदार सरोवर बांध किस नदी पर बनाया गया है? [1]

अ) महानदी ब) गंगा

स) नर्मदा द) गोदावरी

Over which river has the Sardar Sarovar Dam been built?

A) Mahanadi B) Ganga

C) Narmada D) Godavari

vi) रबी फसलों का युग्म है? [1]

अ) गेहूँ – जौ ब) गेहूँ – चावल

स) ज्वार – बाजरा द) सरसो – कपास

The Rabi Crop pair is -

A) Wheat - Barley B) Wheat - Rice

C) Jowar - Bajra D) Mustard - Cotton

vii) बेल्जियम की राजधानी का नाम है – [1]

अ) कोलम्बो ब) बैंकाक

स) नेमूर द) ब्रूसेल्स

The name of the capital of Belgium is -

A) Colombo B) Bangkok

C) Namur D) Brussels

viii) निम्न में से कौनसा विषय संविधान में शक्तिवितरण की किसी भी सूची में नहीं है – [1]

अ) व्यापार ब) वैदेशिक सम्बन्ध

स) शिक्षा द) कम्प्यूटर सोफ्टवेयर

Which of the following subject is not in any list of power distribution in constitution?

A) Trade B) Foreign relation

C) Education D) Computer software

ix) **बामसेफ** (BAMCEF) **संगठन का सम्बन्ध है –** **[1]**

**अ) राजनेताओं से** **ब) किसानों से**

**स) सरकारी कर्मचारियों से** **द) मजदूरों से**

BAMCEF organisation is related to -

A) Politicians B) Farmers

C) Government employees D) Workers

x) **मानव विकास रिपोर्ट जारी करने वाली संस्था है –** **[1]**

**अ) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम** **ब) विश्व बैंक**

**स) रिजर्व बैंक** **द) नीति आयोग**

Human Development report is published by -

A) United Nations Development Programme B) World Bank

C) Reserve Bank D) Niti Aayog

xi) **द्वितीयक क्षेत्र से संबधित व्यवसाय है –** **[1]**

**अ) उद्योग** **ब) बैंकिंग**

**स) संचार सेवाएँ** **द) भण्डारण सेवाएँ**

Occupation related to secondary sector is -

A) Industries B) Banking

C) Communication services D) Storage services

xii) **निम्न में कौनसा देश सस्ता विनिर्माण केन्द्र का उदाहरण है –** **[1]**

**अ) इंग्लैण्ड** **ब) चीन**

**स) ऑस्ट्रेलिया** **द) अमेरिका**

Which of the following countries is an example of a cheap manufacturing hub?

A) England B) China

C) Australia D) America

2) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये –

Fill in the blanks -

i) **एक साथ बहुत सारे देशों में व्यवसाय करने वाली कंपनियों को ____________ निगम कहा जाता है।** **[1]**

Companies, that do business in several countries at the same time are called __________ corporations.

ii) **जीवमंडल से प्राप्त संसाधन जिनमें जीवन व्याप्त है _____________ कहलाते है।** **[1]**

The resources, obtained from biosphere and which have life, are known as __________.

iii) **व्यक्तियों के बीच धार्मिक आस्था के आधार पर भेदभाव नहीं करने वाला व्यक्ति _________ कहलाता है।** **[1]**

A person who does not discriminate others on the basis of religious beliefs, is known as ____________.

iv) **किसी देश की आय उस देश के सभी _____________ की आय है।** **[1]**

Income of any country is the income of all the ____________ of that country.

v) **तृतीयक क्षेत्रक को _____________ भी कहा जाता है।** **[1]**

Tertiary sector is also called as ____________.

vi) **_____________ में तीव्र उन्नति ने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित किया है।** **[1]**

Rapid improvement in ___________ has stimulated the globalisation process.

3) **अतिलघुत्तरात्मक (प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिये) :**

Very short (Write the answer of the question in one word or one line) :

i) **मारीआन की प्रतिमाएं सार्वजनिक चौकों पर क्यों लगाई गई?** **[1]**

Why statues of Marianne were erected in public squares?

ii) **किस बीमारी ने 1890 के दशक में 90 प्रतिशत मवेशियों को मौत की नींद सुला दिया?** **[1]**

Which disease killed 90 percent of cattle in the 1890s?

iii) **ब्रेटन वुडस सम्मेलन किस देश में आयोजित किया गया?** **[1]**

In which country was the Bretton woods conference held?

iv) **वनों से प्राप्त होने वाली दो वस्तुओं के नाम बताइए।** **[½+½=1]**

Write names of two things that are obtained from forest.

v) "टाँका" क्या है? **[1]**

What is a "Tanka"?

vi) भारत में उगाई जाने वाली दो मुख्य रेशेदार फसलों के नाम बताइए। **[½+½=1]**

Write names of two major fibre crops grown in India.

vii) श्रीलंका स्वतन्त्र राष्ट्र कब बना? **[1]**

When did Sri Lanka emerge as an independent country?

viii) भारतीय संविधान में हिन्दी के अलावा कितनी भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया? **[1]**

How many languages are recognised as scheduled languages by the Indian constitution besides Hindi?

ix) किसी आन्दोलन के राजनीतिक दल के रूप में बदलने का कोई एक उदाहरण दीजिये। **[1]**

Give any one example of the transformation of the movement into a political party.

x) धारणीय विकास से आप क्या समझते हैं? **[1]**

What do you understand by sustainable development?

xi) आपके अनुसार भारत में अधिकाँश लोग कहाँ नियोजित हैं? **[1]**

According to you where are most people of India employed?

xii) रैनबैक्सी कम्पनी क्या उत्पादन करती है? **[1]**

What does Ranbaxy company produce?

## खण्ड – ब

## SECTION - B

**लघुत्तरात्मक प्रश्न – प्रश्न स. 04 से 16 के उत्तर लिखिए (शब्द सीमा 50 शब्द) :**

Short Answer Questions - Write the answer of the question Serial No. 04 to 16 (Words limitation of 50 words) :

**4)** रूढ़ीवाद क्या है? **[2]**

What is conservatism?

**5)** खेड़ा जिले के किसान किस कारण लगान चुकाने की हालत में नहीं थे? **[2]**

For what reasons the peasants of the Kheda district were not in position to pay the revenue?

**6)** **आयात शुल्क क्या है?** **[2]**

What is Tariff ?

**7)** **'समुदाय द्वारा वन संरक्षण' को संक्षिप्त में समझाइए।** **[2]**

Explain in brief the 'Forest Conservation by Community'.

**8)** **भारत के जल – संसाधन मंत्री के रूप में यदि आपको एक नदी घाटी परियोजना का मसौदा तैयार करने को कहा जाए तो आप किन–किन बिन्दुओं का ध्यान रखेंगे?** **[2]**

As the Water - Resource Minister of India, if you were asked to draft a river valley project, what points would you take into account?

**9)** **कार्बनिक कृषि की व्याख्या कीजिए।** **[2]**

Discuss organic agriculture.

**10)** **सत्ता की साझेदारी में 'नियन्त्रण एवं सन्तुलन की व्यवस्था' को संक्षेप में स्पष्ट कीजिये।** **[2]**

Explain in brief the 'system of check and balance' in power sharing.

**11)** **संघीय व्यवस्था की कोई दो विशेषताओं को स्पष्ट कीजिये।** **[2]**

Explain any two features of federal system.

**12)** **आपके मतानुसार वर्ग विशेष के हित समूह और जन सामान्य के हित समूह में क्या अन्तर है? सोदाहरण समझाइये।** **[2]**

According to your view what is the difference between sectional interest groups and public interest groups? Explain by example.

**13)** **गैर नवीकरणीय साधन से आप क्या समझते हैं?** **[2]**

What do you understand by non renewable resources?

**14)** **प्राथमिक क्षेत्र की कोई दो गतिविधियों के उदाहरण दीजिए।** **[2]**

Give any two examples of Primary Sector Activity.

**15)** **स्वयं सहायता समूह के कोई दो लाभ लिखिए।** **[2]**

Write any two benefits of self help group.

**16)** **बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ कैसे कार्य करती हैं? समझाइये।** **[2]**

How do multinational companies work? Explain.

## खण्ड – स

## SECTION - C

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – प्रश्न** 17 **से** 20 **के उत्तर लिखिये (शब्द सीमा** 100 **शब्द) :**

Long answer type questions - Write the answers of the question 17 to 20 (Word limitation 100 words) :

**17)** **अर्न्स्ट रेनन के अनुसार राष्ट्र क्या है?** **[3]**

What is a nation according to Ernest Renan?

अथवा/OR

**उदारवादी राष्ट्रवाद की विशेषताएँ लिखिये।** **[3]**

Write the features of liberal nationalism.

**18)** **समाप्यता के आधार पर संसाधनों का वर्गीकरण कीजिए।** **[1½+1½=3]**

Classify the resources on the basis of exhaustibility.

अथवा/OR

**मृदा अपरदन किसे कहते हैं? इसके कारण व संरक्षण के उपाय लिखिए।** **[1+1+1=3]**

What is soil-erosion? Write the reasons of soil-erosion and methods of soil-conservation.

**19)** **सामाजिक विभाजन के तीन आयामों की विवेचना कीजिये।** **[3]**

Explain the three determinants of social divisions.

अथवा/OR

**'सामाजिक भेदभाव की उत्पत्ति' को स्पष्ट कीजिये।** **[3]**

Explain 'the origins of social differences'.

**20) बैंको से आपको कौन–कौन सी सुविधाएँ प्राप्त होती हैं? किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिए।** **[3]**

What facilities do you get from banks? Mention any three.

अथवा/OR

**"बैंक जमा राशि के एक बड़े भाग को ऋण देने के लिए इस्तेमाल करते हैं।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने मत की विवेचना कीजिए।** **[3]**

"Banks use a large part of their deposits for giving loans." Do you agree with this statement? Explain your views.

## खण्ड – द

## SECTION - D

**निबन्धात्मक प्रश्न – प्रश्न** 21 **से** 22 **के उत्तर लिखिये (शब्द सीमा** 250 **शब्द) :**

Essay type questions - Write the answer of question 21 to 22 (Word limitation 250 words) :

**21) असहयोग आन्दोलन के दौरान शहरों की गतिविधियों का वर्णन कीजिए।** **[4]**

Describe the activities of the cities during Non-Cooperation Movement.

अथवा/OR

**महात्मा गांधी ने अस्पृश्यता का उन्मूलन करने के लिए क्या–क्या कार्य किए?** **[4]**

What did Mahatma Gandhi do to abolish untouchability?

**22) धर्मनिरपेक्ष शासन के लिये भारतीय संविधान में कौनसे प्रावधान किये गये है? कोई चार की विवेचना कीजिये।** **[4]**

What provisions are made in the Indian Constitution for Secular Governance? Discuss any four.

अथवा/OR

**भारत में महिलाओं की स्थिति अभी भी पुरूषों से काफी पीछे है। क्यों? कोई चार कारण स्पष्ट कीजिये।** **[4]**

Why is the position of women still far behind of men in India? Explain any four reasons.

23) प्रश्न का उत्तर दिये गये मानचित्र में दीजिए :–

Write the answer in the given map :-

दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए – [1+1+1+1=4]

अ) अजमेर

ब) गया

स) दुर्ग

द) नेल्लोर

Mark the following in the given outline map of India -

A) Ajmer

B) Gaya

C) Durg

D) Nellore

अथवा/OR

दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए – [1+1+1+1=4]

अ) नरोरा

ब) रावतभाटा

स) तारापुर

द) कलपक्कम

Mark the following in the given outline map of India -

A) Naraura

B) Rawatbhata

C) Tarapur

D) Kalpakkam

✈ ✈ ✈

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**P–08–Social Science**

# प्रवेशिका परीक्षा, 2022

# PRAVESHIKA EXAMINATION, 2022

## सामाजिक विज्ञान

## SOCIAL SCIENCE

